प्रभात खबर

पुलिस छापेमारी में तूफान ब्रांड का नकली पंखा बरामद

आरोपित दुकानदार पर मामला दर्ज बेलदौर. नपं के बेलदौर बाजार स्थित आर के इलेक्ट्रॉनिक दुकान में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में तूफान ब्रांड का नकली पंखा बरामद किया. उक्त छापेमारी से ब्रांडेड कंपनी के नकली उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप मची हुई है. जानकारी के मुताबिक बुधवार की दोपहर तूफान ब्रांड के कंपनी जोनल सेल्स मैनेजर रतीन लाल घोष के शिकायत पर पुलिस ने उक्त कार्रवाई की. इन्होंने पुलिस को बताया कि बेलदौर बाजार स्थित आर के इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में तूफान कंपनी के डुप्लीकेट पंखा धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है. इससे कंपनी को काफी नुकसान हो रहा है वही ग्राहकों का शोषण जारी है. इससे कंपनी को नुकसान के साथ साथ इसके गुणवत्ता की भी बदनामी हो रही है. उक्त कंपनी के जोनल सेल्स मैनेजर श्री घोष ने बेलदौर पुलिस के सहयोग से आर के इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर पहुंचकर छापेमारी करवाया तो दर्जनों तूफान कंपनी के डुप्लीकेट पंखा बरामद की गई. डुप्लीकेट पंखा बरामद होने के बाद कोलकाता के शंभू नाथ बरोरस कंपनी के जोनल सेल्स मैनेजर रतीनलाल घोष के लिखित आवेदन पर प्रभारी थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने आर के इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक रणवीर कुमार के विरुद्ध मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए. प्रभारी थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि जोनल सेल्स मैनेजर रतिनलाल घोष के लिखित आवेदन पर छापेमारी की गई. छापेमारी करने के दौरान दर्जनों तूफान कंपनी के डुप्लीकेट पंखे बरामद किया गया. पुलिस ब्रांडेड कंपनी के नकली उत्पाद बेचने वाले खिलाफ उसे चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई करेगी.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/khagaria/fake-fan-of-toofan-brand-recovered-in-police-raid